भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1507
31 जुलाई,2026 को उत्तर देने के लिए

बिहार के कोसी क्षेत्र में मक्का प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना

1507 # प्रो. मनोज कुमार झा:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार और भागलपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में मक्का प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने पर विचार कर रही है जो सर्वाधिक उपज देने वाले मक्का उत्पादक जिले हैं, यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की योजना का ब्यौरा क्या है; और

ख) यदि नहीं, तो सरकार का कोसी, सीमांचल और भागलपुर क्षेत्रों में मक्का प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने पर कब तक विचार करने का इरादा है ?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री
(श्री चिराग पासवान)

(क) और (ख) : खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफ़पीआई) स्वयं कोई खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित नहीं करता है। हालाँकि, यह अपनी दो केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई)औरखाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपी आई), और एक केंद्र प्रायोजित योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) के माध्यम से मक्का प्रसंस्करण उद्योग सहित ऐसे उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करता है। ये योजनाएं मांग-आधारित हैं और बिहार के मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार और भागलपुर जिलों सहित पूरे देश में कार्यान्वित की जा रही हैं।

पीएमकेएसवाई के अंतर्गत बिहार के कोसी, सीमांचल और भागलपुर क्षेत्रों में मक्का प्रसंस्करण से संबंधित किसी भी परियोजना को मंजूरी नहीं दी गई है। हालाँकि, एमओएफपीआई ने दिनांक 30.06.2026 तक बिहार में पीएमकेएसवाई की संबंधित घटक योजनाओं के अंतर्गत 17 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनकी परियोजना लागत 874.64 करोड़ रुपए है और स्वीकृत सहायता अनुदान/सब्सिडी 180.19 करोड़ रुपये है, जिनमें से 3 परियोजनाएं, जिनकी परियोजना लागत 233.51 करोड़ रुपये है और स्वीकृत सहायता अनुदान/सब्सिडी 20.00 करोड़ रुपए है, बिहार के सीमांचल क्षेत्र में स्थित हैं।

पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत बिहार राज्य में दिनांक 30.06.2026 तक कुल 32100 सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को 753.01 करोड़ रुपये की ऋण-लिंक्ड सब्सिडी के लिए मंजूरी दी गई है। बिहार में मक्का प्रसंस्करण के लिए 8.97 करोड़ रुपये की सब्सिडी वाले कुल 313 सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 4.56 करोड़ रुपये की सब्सिडी वाले 178 सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम बिहार के कोसी, सीमांचल और भागलपुर क्षेत्रों में हैं।

पीएलआईएसएफपीआई के अंतर्गत बिहार के कोसी, सीमांचल और भागलपुर क्षेत्रों में मक्का प्रसंस्करण से संबंधित किसी भी परियोजना को मंजूरी नहीं दी गई है। हालांकि, दिनांक 30.06.2026 तक बिहार राज्य में पीएलआईएसएफपीआई योजना की विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर 7 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है, जिनमें 660.37 करोड़ रुपये का वास्तविक निवेश हुआ है; जिसमें से 186.49 करोड़ रुपये के वास्तविक निवेश वाला 1 प्रस्ताव बिहार के सीमांचल क्षेत्र में स्थित है।

*****